चित्रकूट-पुलिस

(1). नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 11.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

(2). आज दिनाँक 11.05.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में अपराध निरीक्षक श्री विनय विक्रम सिंह व उनकी टीम द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 10.05.2025 को थाना मानिकपुर अन्तर्गत एक ग्राम निवासिनी वादिया द्वारा थाना पर सूचना दी कि आरोपी 1. समरनाथ यादव पुत्र रामलखन 2. छोटू कोल पुत्र अमरनाथ कोल द्वारा छेड़खानी करना तथा आरोपी भगवानदीन कोल उर्फ राजकुमार पुत्र मुन्ना कोल द्वारा मेरे साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर रोककर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना । इस सूचना के सम्बन्ध में थाना मानिकपुर में मु0अ0स0 72/25 धारा 65(1)/74/127(2)/ 115(2) /351(2) बीएनएस व 3/4(2)पॉक्सो एक्ट बनाम 1. समरनाथ यादव पुत्र रामलखन 2. छोटू कोल पुत्र अमरनाथ कोल 3. भगवानदीन कोल उर्फ राजकुमार पुत्र मुन्ना कोल पंजीकृत किया गया। आज दिनाँक 11.05.2025 को थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए अभियुक्त भगवानदीन उर्फ राजकुमार उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.अपराध निरीक्षक श्री विनय विक्रम सिंह थाना मानिकपुर

2. उ0नि0 श्री रविन्द्र कटियार

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(i). उ0नि0 श्री सत्यनारायण थाना पहाड़ी मय हमराह आरक्षी हरिशरण द्वारा मु0सं0 2489/2020,अ0सं0 1180/2009 धारा 279/304ए भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त बाबूलाल उर्फ बाबूराम यादव पुत्र शिवपूजन यादव उम्र करीब 64 निवासी ग्राम कलवारा खुर्द थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii). उ0नि0 श्री इन्द्रजीत गौतम मय हमराह आरक्षी विकास यादव द्वारा मु0अ0सं0 70/2021 धारा 354 भादवि0 व 8 पॉक्सो एक्ट के वारण्टी अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह उर्फ लाली निवासी सीआईसी रोड थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।